# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 14.08.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆श्रीमान् एडीजी गोरखपुर, जोन द्वारा पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के साथ ककरहवा भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा का भ्रमण किया गया।**

**◆संबन्धित को दिया गया आवश्यक दिशा-निर्देश।**

**आज दिनांक 14.08.2025 को श्री अशोक मुथा जैन, अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर, जोन गोरखपुर को जनपद सिद्धार्थनगर में प्रथम आगमन पर पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा बुके देकर सम्मानित किया गया व सलामी गार्द द्वारा सलामी दिया गया तत्पश्चात अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर द्वारा पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र, बस्ती व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के साथ स्वतन्त्रता दिवस व आगामी त्यौहार के दृष्टिगत भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा ककरहवा का भ्रमण/ पैदल गस्त कर संबन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर, क्षेत्राधिकारी सदर व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।**

# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति दिनांक -14.08.2025 परिक्षेत्रीय कार्यालय बस्ती ।**

◆ एडीजी जोन गोरखपुर व डीआईजी बस्ती द्वारा पुलिसलाइन सभागार में समस्त राजपत्रित अधिकारी व थाना प्रभारीगण के साथ की गयी अपराध समीक्षा गोष्ठी।

◆संबंधित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश।

आज दिनांक 14.08.2025 को अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर, जोन गोरखपुर श्री मुथा अशोक जैन व पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन के साथ जनपद सिद्धार्थनगर पुलिस लाइन सभागार में जनपद की कानून-व्यवस्था व अपराध समीक्षा गोष्ठी की गयी। एडीजी व डीआईजी बस्ती द्वारा अपराधों की समीक्षा कर क्षेत्र में छोटे-छोटे प्रकरण पर सतर्क दृष्टि रखने व अपराधो की रोकथाम पर विशेष ध्यान देने , जनशिकायती प्रकरणों पर गंभीरता से कार्य करने, महिला अपराध/ गोकशी,संगीन प्रकरणों में कठोर कार्यवाही करने तथा वांछित,पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी व प्रभावी कार्यवाही हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।

तत्पश्चात पुलिस लाइन स्थित आरटीसी बैरको व परिसर का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया।रिक्रूट आरक्षीगण से उनके प्रशिक्षण व समस्याओं के संबंध में वार्ता किया गया। निरीक्षण के दौरान आवासीय व्यवस्थाओं, शौचालय, स्नानागार, पेयजल, विद्युत, पंखा/कूलर आदि सभी मूलभूत सुविधाओं की स्थिति व प्रशिक्षण की गहन समीक्षा कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सहित जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारी, पुलिस कार्यालय एवं अन्य शाखाओं के संबंधित सभी प्रभारीगण व अन्य उपस्थित रहे।

सोशल मीडिया सेल
रेंज कार्यालय , बस्ती।

**प्रेस विज्ञप्ति दिनाँक- 14.08.2025 परिक्षेत्रीय कार्यालय बस्ती।**

◆ **एडीजी जोन गोरखपुर व डीआईजी बस्ती द्वारा एसपी सिद्धार्थनगर के साथ भारत-नेपाल सीमा ककरहवा व अलीगढ़वा बार्डर का किया गया भ्रमण।**

◆ **सुरक्षा एजंसियों, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु में की गयी गोष्ठी।**

◆ **संबन्धित को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश।**

आज दिनांक 14.08.2025 को अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर, जोन गोरखपुर श्री मुथा अशोक जैन व पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन के साथ भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा ककरहवा (थाना मोहाना) तथा अलीगढ़वा (थाना कपिलवस्तु) का भ्रमण किया गया। तत्पश्चात एडीजी जोन गोरखपुर व डीआईजी बस्ती द्वारा पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के साथ सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के सभागार में जनपद के समस्त सुरक्षा एजेंसियों,पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ भारत-नेपाल सीमा पर मानव तस्करी, मादक पदार्थों / नशीली दवाओं/अवैध शराब व अवैध तरीके से वस्तुओं/सामानो के आयात-निर्यात आदि अपराधों के संबंध में गोष्ठी किया गया। एडीजी जोन गोरखपुर व डीआईजी बस्ती द्वारा संयुक्त रुप से बीट पुलिस अधिकारियों को क्षेत्र में भ्रमण कर सतर्क दृष्टि रखने ,अन्तर्राष्ट्रीय सीमा से जुड़ने वाले सड़क मार्गों पर “आपरेशन त्रिनेत्र” के तहत ज्यादा से ज्यादा सी.सी.टी.वी. कैमरे लगवाने,नेपाल बॉर्डर पर सतर्क दृष्टि रखने आदि हेतु निर्देशित किया गया।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर, कमाण्डेन्ट एस0एस0बी0,सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारीगण, क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ व नेपाल सीमा से सटे सभी थानों के थाना प्रभारी,प्रभारी एलआईयू, एस0एस0बी0 के अधिकारी/कर्म0गण व के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

सोशल मीडिया सेल

रेंज कार्यालय, बस्ती

# प्रेस नोट दिनांक 14.08.2025 सिद्धार्थनगर पुलिस।

**◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

आज दिनांक 14.08.2025 को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय मे जनसुनवाई किया गया। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

# प्रेस नोट दिनांक 14.08.2025 सिद्धार्थनगर पुलिस।

**◆थाना मोहाना पुलिस / एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा चौकी ककरहवा भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर फुट पैट्रोलिंग किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में, विश्वजीत शौर्य,क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 14.08.2025 को थाना मोहाना पुलिस / एसएसबी की संयुक्त टीम के साथ चौकी ककरहवा भारत-नेपाल बार्डर पर फुट पैट्रोलिंग कर सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लिया गया।

**स्वतंत्रता दिवस 2025 के अवसर पर श्रीमान पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश महोदय द्वारा जनपद फिरोजाबाद से उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह /सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह एवं प्रशंसा चिन्ह प्रदान किये गये पुलिस अधिकारियों / कर्मचारियों का विवरण-**

**समस्त पत्रकार बन्धुओं को सादर अवगत कराना है कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी पुलिस लाइन बांदा, पुलिस कार्यालय सहित सभी थानों एवं चौकियों में स्वतंत्रता दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। पुलिस लाइन में ध्वजारोहण प्रातः 08.00 बजे होगा। उक्त समारोह में आप सभी सादर आमन्त्रित हैं। कृपया कार्यक्रम में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराने का कष्ट करें।**

**प्रेस नोट दिनांक 14-08-2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆जनपदीय पुलिस द्वारा जनपद में त्यौहार जन्माष्टमी एवं स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर शांति व्यवस्था के दृष्टिगत अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।**

**पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 14.08.2025 को जनपद के क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष द्वारा त्यौहार जन्माष्टमी एवं स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर शांति व्यवस्था के दृष्टिगत अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पड़ने वाले भीड़-भाड़ वाले स्थानों के पर पैदल गश्त/चेकिंग किया गया। आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया।**